## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–14.04.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- कृतज्ञ राष्ट्र ने संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर को जंयती पर किया नमन, राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन।
- मंत्री हफीजुल हसन द्वारा शरीयत और संविधान की तुलना किए जाने पर राजनीति गरमाई, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने साधा निशाना, बर्खास्तगी की मांग।
- रांची में शिबू सोरेन की अध्यक्षता में झामुमो का दो दिवसीय महाधिवेशन शुरु, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पार्टी संगठन की मजबूती पर दिया जोर।
- पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने चाईबासा में की नक्सल अभियान की समीक्षा, अभियान तेज करने का निर्देश, जवानों का बढ़ाया हौसला।
- हॉकी इंडिया ने की ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 26 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा, झारखंड के पांच खिलाड़ियों को टीम में मिली जगह।

**********************

कृतज्ञ राष्ट्र ने आज संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर को नमन किया। संसद भवन परिसर स्थित प्रेरणा स्थल में आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत अन्य केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में अम्बेदकर जयंती को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के डोरंडा स्थित अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

**********************

भाजपा की ओर से भी बाबा साहब की जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री और पार्टी विधायक सीपी सिंह समेत कई नेताओं ने राजधानी रांची के अम्बेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**********************

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चम्पाई सोरेन ने कांग्रेस पर हमला बोला है। श्री सोरेन ने सरायकेला–खरसावां जिले के आदित्यपुर में बाबा साहब को श्रद्धांजलि देने क बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस के चलते ही राज्य के आदिवासियों के हक और अधिकार का हनन और बांग्लादेशी घुसपैठ जैसे जलंत मुद्दे लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इसी विचारधारा के विरुद्ध संथाल परगना से आंदोलन की शुरुआत की है, जो झारखंड समेत पूरे देश में फैलेगा।

**********************

प्रदेश कांग्रेस ने रांची में मानव श्रृंखला बनाकर बाबा साहेब की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस की ओर से राजधानी के अंबेडकर चौक से लेकर राजेन्द्र चौक तक मानव श्रृंखला बनायी गयी।

**********************

राज्य के मंत्री हफीजुल हसन के बयान से राज्य की राजनीति गरमा गई है। उन्होंने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि उनके लिए संविधान से पहले शरियत है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम धर्म के लोग सीने में कुरान और हाथ में संविधान रखते हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंत्री हफीजूल हसन के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। श्री मरांडी ने गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ऐसे मंत्री को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सड़क से सदन तक इस मुद्दे पर संघर्ष करेगी।

**********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा का दो दिवसीय महाधिवेशन आज से रांची के खेलगांव में शुरू हो गया। दो दिनों तक चलने वाले इस महाधिवेशन में पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन, झामुमो कोटे से मंत्री, पार्टी के विधायक और वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस दौरान विधायक स्टीफन मरांडी ने राजनीतिक प्रस्ताव पेश किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पार्टी संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अलग राज्य निर्माण के लिए पार्टी ने लम्बी लड़ाई लड़ी है।

**********************

देश में बच्चों को पोषाहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से झारखंड समेत देशभर में राष्ट्रीय पोषण मिशन चलाया जा रहा है। इस सिलसिले में दुमका के उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने आज पोषण जागरूकता रथ को रवाना किया।

**********************

हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा है कि राज्य सरकार को हाल के दिनों में घटी घटनाओं पर संज्ञान लेना चाहिए। श्री जायसवाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लोगों को प्रशासन के प्रति डर कम हो गया है, इसलिए आये दिन घटनायें घट रही हैं।

गौरतलब है कि हजारीबाग जिले के बरकट्ठा थानाक्षेत्र के झुरझुरी में कल देर शाम दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गयी थी। घटना के बाद स्थिति नियंत्रण में है और क्षेत्र में अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गयी है।

**********************

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में वरीय अधिकारियों के साथ नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा बलों को नक्सल विरोधी अभियान तेज करने और क्षेत्र की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक ने नक्सल विरोधी अभियान में शामिल जवानों से संवाद किया और उनकी हौसला अफजाई की।

**********************

पूर्वी सिंहभूम जिले की आदिवासी महिलायें स्थानीय खान–पान को देश–दुनिया में लोकप्रिय बनाने का काम कर रही हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

**********************

हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 26 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम में झारखंड के पांच खिलाड़ियों को जगह मिली है। टीम में झारखंड की सलीमा टेटे, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और स्टेन बाई में अंजना डुंगडुंग शामिल हैं।

**********************

छठी एशियन अंडर 18 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए भारतीय टीम सउदी अरब रवाना हुई। इस टीम में साईं रांची के ट्रेनी साकेत मिंज और हजारीबाग के अफरोज अहमद शामिल हैं।

**********************

झारखंड अग्निशमन विभाग की ओर से आग की विभीषिका के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आज से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में चतरा जिले के टंडवा स्थित एनकेएसटीपीपी परिसर और रामगढ़ जिले के पतरातू स्थित पीवीयूएनएल से जागरूकता रथ को रवाना किया गया।

***********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में आज दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने अपने पूर्वानुमान में आगामी 20 अप्रैल तक राज्य के कुछ क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना जतायी है, जबकि 18 अप्रैल तक ओलावृष्टि, वज्रपात और आंधी को लेकर अलर्ट भी जारी किया है।

*********समाप्त*********